https://www.upboardonline.com

नाम... अनुक्रमांक...

# Pre Board Examination, 2021

## सामाजिक विज्ञान B-X-सामा.विज्ञान

समय : 3.15 घण्टा ] कक्षा—10 [ पूर्णांक : 70

निर्देश—प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित हैं।

नोट— (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'क' और 'ख' में विभाजित हैं। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना अनिवार्य हैं। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नये पृष्ठ से प्रारम्भ कीजिए।

(iii) प्रश्न-पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं—बहुविकल्पीय, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय व मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न जिनके लिये निर्देश, उनके प्रारम्भ में दिये गये हैं।

(iv) 'क' और 'ख' खण्डों हेतु दिये गये मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

(v) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख निर्दिष्ट हैं।

### खण्ड 'क'

#### बहुविकल्पीय प्रश्न

निर्देश—प्रश्न संख्या 1 से 6 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के चार-चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, उनमें से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए—

1. फ्रांस में गणतन्त्र की घोषणा किस वर्ष हुई— 1

(i) 1815 ई. (ii) 1830 ई. (iii) 1848 ई. (iv) 1871 ई.।

2. सविनय अवज्ञा आन्दोलन कब चलाया गया— 1

(i) 1920 (ii) 1927 (iii) 1930 (iv) 1935.

3. भारत से विदेशों को जाने वाले अनुबन्धित श्रमिक कहलाते थे— 1

(i) गिरमिटिया (ii) पूर्णकालीक श्रमिक
(iii) सफेदिया (iv) एग्रीमेण्ट श्रमिक।

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



4. बेल्जियम किस महाद्वीप में है— 1

(i) यूरोप (ii) उत्तरी अमेरिका (iii) एशिया (iv) ऑस्ट्रेलिया।

5. निम्नलिखित में से किस देश ने किसी भी धर्म को राजकीय धर्म के रूप में अंगीकार नहीं किया है— 1

(i) भारत (ii) सऊदी अरब (iii) पाकिस्तान (iv) श्रीलंका।

6. लोकतान्त्रिक सरकारों में नहीं होता है— 1

(i) पारदर्शिता (ii) नियमित और निष्पक्ष चुनाव
(iii) त्वरित निर्णय (iv) कानून निर्माण पर खुली चर्चा।

#### अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (उत्तर सीमा 25 शब्द)

7. सत्याग्रह के विचार का क्या महत्व है? 2

8. सामुदायिक सरकार से क्या आशय है? 2

9. भारत की संघात्मक व्यवस्था को किस देश से लिया गया है? 2

#### लघु उत्तरीय प्रश्न (उत्तर सीमा 50 शब्द)

10. प्रथम विश्व युद्ध ने भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन के विकास में किस प्रकार सहायता की? **अथवा** 3

ब्रेटन वुड्स समझौते का क्या अर्थ है?

11. उन तत्वों की विवेचना कीजिये, जो भारत की अनेकता में एकता का प्रदर्शन करते हैं? **अथवा** 3

नारीवादी आन्दोलन से क्या अभिप्राय है?

#### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (उत्तर सीमा 100 शब्द)

12. फ्रांस की क्रान्ति के क्या कारण थे? इनमें से किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिये।

**अथवा** 6

महामन्दी के कारणों की व्याख्या कीजिये और बताइये कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव पड़ा? 6

13. "सत्ता की साझेदारी जनतन्त्र की आत्मा है।" बेल्जियम तथा श्री लंका का उदाहरण देकर विवेचना कीजिये। **अथवा** 6

दबाब समूहों तथा राजनीतिक दलों के आपसी सम्बन्धों का स्वरूप कैसा होता है? वर्णन कीजिये। 6

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

**निर्देश—निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये रेखा-मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइये। सही नाम तथा सही अंकन करने के लिये ½ + ½ अंक निर्धारित है।**

14. (i) वह स्थान जहाँ 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½+½=1
 (ii) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी का जन्म हुआ। ½+½=1
 (iii) वह स्थान जहाँ जलिया वाला बाग की घटना घटी। ½+½=1
 (iv) वह स्थान जहाँ असहयोग आन्दोलन का कार्यक्रम स्वीकार किया गया। ½+½=1
 (v) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह हुआ। ½+½=1

## खण्ड (ख)

बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश—प्रश्न संख्या 15 से 20 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के चार-चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, उनमें से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये—**

15. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का प्रमुख कारण है— 1
 (i) खनन क्रिया (ii) बनोन्मूलन
 (iii) अत्यधिक सिंचाई (iv) अति पशु चारण।

16. महानदी बेसिन पर निर्मित बहुउद्देशीय परियोजना है— 1
 (i) सरदार सरोवर परियोजना (ii) सलाल परियोजना
 (iii) मैट्टूर परियोजना (iv) हीरा कुण्ड परियोजना।

17. सर्वोत्तम किस्म का लौह अयस्क है— 1
 (i) सिडेराइट (ii) हेमेटाइट (iii) मेगनेटाइट (iv) लिमोनाइट।

18. निम्न में से किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है— 1
 (i) हरियाणा (ii) बिहार (iii) राजस्थान (iv) मेघालय।

19. उद्योगों को किस क्षेत्र में शामिल किया जाता है— 1
 (i) प्राथमिक क्षेत्रक (ii) द्वितीयक क्षेत्रक
 (iii) तृतीयक क्षेत्रक (iv) इनमें से कोई नहीं।

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



20. वैश्वीकरण से सर्वाधिक लाभान्वित हुये हैं— 1
 (i) ग्रामीण मजदूर (ii) शहरी शिक्षित व्यक्ति
 (iii) धनी वर्ग के उपभोक्ता (iv) उपर्युक्त सभी।

### अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (उत्तर सीमा 25 शब्द)

21. प्राणिजात किसे कहते है? 2
22. हिमालय से निकलने वाली नदियाँ सदानीरा क्यों हैं? 2
23. सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) किसे कहते है? 2

### लघु उत्तरीय प्रश्न (उत्तर सीमा 50 शब्द)

24. 'चिपको आन्दोलन' क्या है? अथवा 3
 सरकार द्वारा किसानों के हित में किये गये संस्थागत सुधार कार्यक्रमों की सूची बनाइये। 3
25. विकास मापने का यू.एन.डी.पी. का मापदण्ड किन पहलुओं में विश्व बैंक के मापदण्ड से अलग है? अथवा 3
 विश्व व्यापार संगठन क्या है? इसके क्या कार्य है? 3

### विस्तृत उत्तरीय प्रश्न (उत्तर सीमा 100 शब्द)

26. संसाधन संरक्षण क्या है? संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है? **अथवा**
 खनिजों का संरक्षण क्यों आवश्यक है? खनिजों के संरक्षण की किन्हीं तीन विधियों की व्याख्या कीजिये। 6
27. देश के आर्थिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्रक के योगदान पर एक टिप्पणी लिखिये। अथवा 6
 भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरुआत किन कारणों से हुई? इसके विकास के बारे में पता लगाइये। 6

(मानचित्र कार्य)

**निर्देश—दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये—**

28. (i) राजस्थान की राजधानी ⊙ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½=1
 (ii) कोई एक आणविक ऊर्जा केन्द्र ▲ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½=1
 (iii) भारत का कोई एक पत्तन (बन्दरगाह) जो पश्चिमी तट पर स्थित है ++++ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½=1
 (iv) गेहूँ उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र + + + चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½=1
 (v) इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाईपत्तन ✈ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½=1

●●

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com